गाली-गलौच करने से रोका तो अधेड़ की चाकू मारकर हत्या की, तीन आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। शहर के अनंतपुरा थाना इलाके में लगातार दो दिन में चाकूबाजी की वारदात सामने आई है। अनंतपुरा थाना इलाके के सुभाष नगर में शुक्रवार देर रात्रि को कुछ युवकों को घर के बाहर गाली-गलौच करने से टोकने पर युवकों ने मध्यप्रदेश हाल संतोष नगर निवासी विष्णु प्रसाद पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। इस घटनाक्रम मे बीच-बचाव के लिये आया दमाद भी घायल हो गया।

वही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना के 12 घंटे के अंदर तीन आरोपियों को मेडिकल कॉलेज के पास झाड़ियों में से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि अनंतपुरा इलाके के सुभाष नगर में चाकूबाजी में एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आने पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलिप सैनी के निर्देशन पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन एवं अनंतपुरा थानाधिकारी भुपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने घटनास्थल पर एफएसएल टीम, और एसपी कार्यालय की एमओबी टीम को मौके पर बुलाया तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

शहर एसपी ने बताया कि अनंतपुरा थानाधिकारी भुपेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे गठित टीम ने मुखबीर की सूचना पर बोम्बे योजना महावीर नगर क्षेत्र में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये सघन तलाशी अभियान शुरू किया। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम की भनक लगते ही आरोपियों ने बोम्बे योजना से मेडिकल कॉलेज की ओर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने कार्यवाही कर विष्णु प्रसाद की हत्या के तीनों आरोपियों को मेडिकल कॉलेज के पास झाड़ियों से डिटेन किया।

पुलिस ने हत्या के आरोपियों को गिरफ्त में लिया।

शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों ने पूछताछ मे बताया कि तीनों टाईल्स का काम करते हैं, हमारा 70 हजार का बकाया चल रहा था जिसको लेकर आपस मे बातचीत कर रहे थे, इसी दौरान सुभाष नगर मे रहने वाले व्यक्ति ने उन्हे टोका तो उन्हे गुस्सा आ गया जिस पर उन्होंने चाकू व तलवार से हमला कर दिया। पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए बोम्बे योजना

- **मेडिकल कॉलेज के पास झाड़ियों से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया**

निवासी अर्जुन उर्फ अभिषेक (33), सोनु उर्फ चूहा (24) और काना उर्फ कन्हैया (25) को गिरफ्तार किया।

यह था मामला:- अनंतपुरा थानाधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश हाल सुभाष नगर निवासी पवन ने 27 दिसम्बर की रात्रि को थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि 3 युवक घर के बाहर गाली-गलौच व झगड़ा कर रहे थे, और आपस मे एक दूसरे को कान्हा व सोनू चूहा कहकर चिल्ला रहे थे। तीनों को गाली-गलौच करने से मना किया तो आक्रोशित तीनों युवक चाकू व तलवार लेकर आये और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि हमलावरों ने उसके ससुर विष्णु प्रसाद के ऊपर पेट व छाती पर चाकू से वार किये।

फरियादी ने रिपोर्ट मे कहा कि तीनों हमलावर चाकू तलवार व पत्थरों से हमला कर मौके से फरार हो गये। हमले में गंभीर रूप से घायल विष्णु प्रसाद को उपचार के लिये मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ले गये। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर मामले मे कार्यवाही करते हुए हत्या के तीनो आरोपियों को मेडिकल कॉलेज की झाड़ियों से गिरफ्तार कर लिया।

143 युवक-युवतियों ने दिया परिचय, मन की बात बताई

कोटा, (निसं)। खारवाल खारोल समाज समिति का दो दिवसीय महाअधिवेशन शनिवार को शिवपुरा स्थित भीतरिया कुंड गार्डन पर प्रारम्भ हुआ।

पहले दिन के मुख्य अतिथि बद्रीलाल खारोल लालरी वाले थे। वहीं अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष सीताराम खारोल ने की। इस दौरान विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें 143 युवक-युवतियों और उनके परिजनों ने मंच से परिचय दिया।

उन्होंने अपनी पसंद नापसंद बताते हुए योग्य रिश्तों की चाह रखी। किसी ने नौकरी पेशा तो किसी नए व्यवसायी जीवनसाथी की चाहत बताई। किसी ने परिवार के साथ निभा कर चलने वाली जीवनसंगिनी की इच्छा व्यक्त की।

इस दौरान समाज के सामाजिक एवं राजनीतिक उत्थान, समाज सुधार, जरूरतमंदों को आर्थिक स्वावलंबन प्रदान करने, समाज की विशिष्ट एवं सामाजिक समरसता को लेकर परिचर्चा आयोजित की गई।

- **खारवाल खारोल समाज का दो दिवसीय अधिवेशन प्रारम्भ, शपथ ग्रहण समारोह आज**
- **सामाजिक बिन्दुओं पर होगी चर्चा, प्रस्ताव पारित होंगे**

महाअधिवेशन में राजस्थान के अलावा दिल्ली, गुजरात, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और गोवा से प्रतिनिधि पहुंचे थे। रात्रि को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत काव्य पाठ का आयोजन किया गया।

कवि किशन प्रणय और धर्मेंद्र खारोल ने 'म्हारा खून में कदी आईरन की कमी नं होवै म्हारा खून में चंबल बहै छै' सरीखी कविताओं से सराबोर किया। सत्यनारायण खारवाल ने बताया कि महाधिवेशन में पहले दिन चेनाराम सुमेरपुर, मदनलाल रामसर, भगवान लाल खारोल, बाबूलाल खारोल, मोहनलाल खारोल, भागचंद खारोल, हीरालाल खारोल सूरत, नरेश खारोल दिल्ली, नरेश खारोल मालपुरा समेत कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक सत्यनारायण खारवाल ने बताया कि रविवार को प्रातः 9 बजे दूसरे दिन का अधिवेशन प्रारंभ होगा।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों, मेधावी छात्र-छात्राओं, वरिष्ठजन, प्रबुद्धजनों और उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान किया जाएगा। इसके बाद 12 बजे खारवाल खारोल समाज समिति कोटा संभाग की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण होगा।

दूसरे दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। वहीं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक शांति धारीवाल, संदीप शर्मा, कल्पना देवी, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, केकी विधायक शत्रुघ्न गौतम, नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा, अजमेर के जिला प्रमुख भगवान सिंह पलाड़ा अतिथि के तौर पर उपस्थित होंगे।

25 हजार नगद व पांच तोला गहने लेकर फरार

कोटा, (निसं)। अनंतपुरा थाना इलाके में दिन-दहाडे चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात बदमाश चाबी बनाने के बहाने घर में घुसे और घर में मौजूद महिला की नजर हटते ही अलमारी में रखे नगद व सोने के जेवरात लेकर फरार हो गये। पूरा मामला सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ।

अनंतपुरा थानाधिकारी भूपेन्द्र

- **चाबी बनाने के बहाने घर में घुसे**

सिंह ने बताया कि सुभाष नगर निवासी रामविलास ने थाने में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में कहा कि कॉलोनी में चाबी बनाने वाले सरदार के भेष में घूम रहे थे। उसकी पत्नी ने अलमारी के ताले को सही करने के लिए उन्हें घर में बुलाया।

फरियादी ने रिपोर्ट कहा कि पत्नी के नजर हटते ही अज्ञात बदमाश अलमारी में रखे 25 हजार व करीब 5 तोले के सोने के गहने लेकर फरार हो गये। घटना का पता उन्हें अलमारी का लॉकर चैक करने पर हुआ। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज सीसीटीवी फुटेज के आधार अज्ञात बदमाशों की तलाश की जा रही है।

सार-समाचार

'स्वार्थ रहित भक्ति से प्रभु मिलन संभव'

छबड़ा (निसं)। भक्त पर संकट आने पर भगवान भक्त की रक्षा के लिए दौडे चले आते हैं। भक्त के प्रति भगवान का स्नेह अपार होता है और भक्त पर ईश्वर की कृपा सदैव बनी रहती है। यह उद्गार अयोध्या से आए जगदगुरु धराचार्य महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन व्यक्त किए। उन्होंने शनिवार को भक्त ध्रुव, नृसिंह अवतार व भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जब भक्त प्रहलाद को पिता हिरण्यकश्यप ने प्रताडित किया गया तो आखिर में भक्त की रक्षा के लिए भगवान ने खंभे से नृसिंह अवतार लिया और धरती पर हिरण्यकश्यप के बढ़ते पाप, अत्याचार को मिटाने के लिए उसका वध किया। महाराज ने श्रोताओं से हिंसा, असत्य, अशांति, लोभ, लालच छोड सच्चाई के रास्ते पर चलने का आव्हान किया। वहीं उन्होंने निष्काम भक्ति पर बल दिया। स्वार्थ रहित भक्ति होने से प्रभू से मिलन शीघ्र होता है और कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आव्हान किया। कथा के बीच भजनों की प्रस्तुति पर श्रृद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए और भाव विभोर होकर नाचने लगे। कथा के तीसरे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा लाभ प्राप्त किया।

लोकसभाध्यक्ष आज से कोटा-बून्दी प्रवास पर

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार से संसदीय क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे कोटा-बून्दी में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। लोकसभा कार्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार बिरला 12 बजे श्रीनाथपुरम स्थित शिवज्योति कॉन्वेन्ट स्कूल में आयोजित पेंशनर्स समाज के वार्षिक अधिवेशन में शामिल होंगे। वे दोपहर 1.30 बजे शिवपुरा स्थित भीतरिया कुण्ड में खारवाल समाज के प्रबुद्धजन सम्मान समारोह, 3 बजे यूआईटी ऑडिटोरियम में महर्षि बालीनाथ जयंती कार्यक्रम तथा सायं 4 बजे विनोभा भावे नगर स्थित फूल माली सैनी छात्रावास में आयोजित फूल माली सैनी विकास समिति के युवक-युवती परिचय सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। गर्भवती महिलाओं को पोषण की उपलब्धता और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्पीकर बिरला की पहल संचालित सुपोषित मां अभियान के तीसरे चरण की शुरुआत 3 जनवरी, शुक्रवार को होगी। किशोरपुरा स्थित छप्पन भोग परिसर में होने वाले इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। ज्ञात हो कि 27 दिसम्बर को पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन एवं राष्ट्रीय शोक के कारण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था।

मां सावित्री बाई फुले जयंती चार को

कोटा, (निसं)। सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था की ओर से 4 जनवरी को 12 बजे से यूआईटी ओटिडोरियम में मां सावित्री बाई फुले जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी साथ ही संस्था का हर वर्ष की भाती नववर्ष कलेंडर विमोचन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी कन्हैया सुमन ने बताया आयोजन में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, पूर्व मंत्री भूपेंद्र सैनी, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नगर, साथ ही माली समाज के राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ता, कोटा जिले के हजारों की संख्या में सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी आयोजन में भाग लेंगे, जिला अध्यक्ष भरत राम सैनी ने बताया आयोजन को भव्य बनाने के लिए समितियां गठित की गई हे, आज जयपुर पहुंचकर अभी अतिथियों को आमंत्रण दिया गया इस दौरान महासचिव सियाराम सैनी, चंद्रप्रकाश सैनी, सतीश सैनी आदि मौजूद रहे।

सी.ए. बनने पर सम्मान किया

कोटा, (निसं)। शहर के प्रमुख टैक्स एडवोकेट महेंद्र माहेश्वरी के पुत्र मृदुल माहेश्वरी के प्रथम प्रयास में सीए बनने पर स्वागत एवं सम्मान किया गया। टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ टैक्स एडवोकेट बी.सी.बाबेल ने बताया कि हाल ही में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी सीए फाइनल परीक्षा नवंबर-2024 के परिणाम में मृदुल माहेश्वरी प्रथम प्रयास में चार्टर्ड अकाउंटेंट बने है। मृदुल माहेश्वरी के प्रथम प्रयास में सीए बनने पर माला पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर सीए विशाल गुप्ता, सीए आशीष व्यास, कुंज बिहारी पोरवाल, शैलेश जैन, सीए सत्यनारायण गर्ग व एडवोकेट पवन श्रृंगी समेत कई कर विशेषज्ञ उपस्थित थे।

पूर्व पी.एम. को श्रद्धांजलि दी

छबड़ा (निसं)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर शनिवार को शक्ति नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर शोकसभा का आयोजन कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन धारण किया। शोकसभा में कार्यकर्ताओं ने सिंह की जीवनी एवं देश को दिए गए योगदान को याद किया। यहां वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता अधिवक्ता चिरंजीवलाल भार्गव, राजेश भार्गव, प्रकाश, रामदयाल लोधा, गौरीशंकर, फूलचंद मीणा, जगदीश गौड आदि मौजूद रहे।

लॉन टेनिस प्रतियोगिता आयोजित

कोटा, (निसं)। चार दिवसीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता के आज दूसरे दिन छोटे खिलाडियों ने अपने खेल कौशल से ठंडे मौसम में भी गर्मी का माहौल बना दिया। आज के मैच प्रारंभ टेनिस संघ के सचिव अनिल आनंद एवं कोटा विश्वविद्यालय के टेनिस खिलाडी शिवम सुमन ने विद्यार्थियों से परिचय प्राप्त किया एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए खिलाडियों को शुभकामनाएं दी।

हार्टवाइज टीम ने अब तक 12 हजार हार्ट अटैक जीवन रक्षक किट बांटे

कोटा, (निसं)। शहर में हृदय रोग के प्रति जागरूकता और हृदय की स्वस्थता के उद्देश्य से गठित टीम हार्टवाईज की पहल पर हार्ट अटैक जीवनरक्षक किट का वितरण जारी है। अब तक शहर में करीब 12 हजार किट का वितरण किया जा चुका है और विभिन्न संस्थाओं की मदद से लगातार जारी है। किट को 14 दिसम्बर को टीम हार्टवाइज द्वारा लांच किया गया था।

हार्टवाइज के संयोजक डॉ. साकेत गोयल ने बताया कि कोविड के बाद हृदयाघात के बढ़ते मामलों को देखते हुए लोगों को यह किट साथ या घर पर रखने के लिए वितरित किए जा रहे हैं। शहरवासियों को सूचना मिलने के साथ ही जागरूकता देखने को मिली और लगातार टीम के पास किट की मांग आ रही हैं।

- **हार्ट अटैक के प्रति जागरुकता व बचाव के लिए प्रयास जारी**
- **सामाजिक, शैक्षणिक, अध्यात्मिक व व्यावसायिक संस्थाएं आ रही आगे**

शहर के विभिन्न संगठनों द्वारा किट वितरित किए जा रहे हैं। इसमें सिंधु यूथ सोशल, कृष्णा रोटरी, पत्रकार कल्याण संगठन, ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फैडरेशन सहित स्कूल्स, अस्पताल और अन्य स्थानों पर जागरूक नागरिकों द्वारा किट वितरित किए जा रहे हैं।

हार्टवाईज टीम का हार्ट अटैक से होने वाली मृत्यु की दर को कम करने के लिए विश्व में पहला और सबसे बड़ा प्रयास शुरू किया है।

प्राथमिक उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए शहरवासियों को 30 हजार हार्ट अटैक जीवनरक्षक किट वितरित किए जाएंगे।

दवाओं की समाप्ति तिथि के बाद इस किट को रिप्लेस भी किया जा सकेगा। हार्टवाईज के ओर से इस प्रकल्प के समन्वयक कपिल जैन रहेंगे। कोई भी संस्था जो अपने मेंबर्स को ये हार्ट अटैक जीवनरक्षक किट देना चाहे वो कपिल जैन 98281-36431 तथा हार्टवाइज टीम के अन्य सदस्यों से संपर्क कर किट प्राप्त कर सकती है।

ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट पर जलापूर्ति के लिए 23.48 करोड़ स्वीकृत

कोटा, (निसं)। ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट पर जलापूर्ति के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी (एएआई) ने 23.48 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। इस राशि का उपयोग सकतपुरा फिल्टर प्लांट से प्रस्तावित नवीन एयरपोर्ट तक पानी की आपूर्ति के लिए नई पाईपलाईन व आधारभूत ढांचे के निर्माण में भी किया जाएगा।

जलदाय विभाग द्वारा 250 एमएम की 21 कि.मी. लम्बी डीआई पाईपलाईन बिछाई जाएगी, जिससे एयरपोर्ट पर प्रतिदिन 15 लाख लीटर शुद्ध पेयजल आपूर्ति होगी। इसके अलावा, सकतपुरा प्लांट पर पम्प हाउस निर्माण, पैनल रूम और अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी निर्माण किया जाएगा। एयरपोर्ट पर निर्माण कार्य के साथ ही बुनियादी सुविधाओं के काम भी साथ-साथ हो इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष ने जिला कलक्टर व जलदाय विभाग के अधिकारियों को एयरपोर्ट पर पेयजल की व्यवस्था के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद जलदाय विभाग ने योजना का प्रस्ताव तैयार कर एयरपोर्ट अथॉरिटी को भेजा था, जिसे अब स्वीकृति मिल गई है।

डीपीआर सहित अन्य स्वीकृतियों में करीब तीन माह का समय लगेगा। इसके बाद कार्य की निविदा आमंत्रित कर निर्माण कार्य जून 2026 तक पूरा किया जाएगा। इस परियोजना के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी अलगे 10 वर्षों तक जलदाय विभाग कोटा के पास रहेगी। इसके अतिरिक्त नए एयरपोर्ट को हाईवे से जोड़ने के लिए कोटा विकास प्राधिकरण की ओर से सड़क बनाने की प्रकिया भी शुरू कर दी गई है।

खोया पाया

नगेंद्र बाला जादौन पत्नी रघुराज सिंह 3-डी-55 महावीर नगर विस्तार कोटा का नियमितीकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र निरस्तीकरण व मांग पत्र कहीं गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें।

ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्र के सर्वे के निर्देश

कोटा, (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री तथा रामगंजमंडी के विधायक मदन दिलावर ने शुक्रवार रात को क्षेत्र में हुई भारी ओलावृष्टि से हुए नुकसान के लिए अधिकारियों को सर्वे करने के निर्देश दिए है। मंत्री मदन दिलावर ने जिला कलेक्टर कोटा रविंद्र गोस्वामी को निर्देशित किया है कि रामगंजमंडी क्षेत्र के गांवों लखारिया, गादिया, सोहनखेड़ी, बुद्धखान, कोला, अरनिया खुर्द, बाशयाहेडी, उदपुरा, हरिपुरा सहित अन्य क्षेत्रों में शुक्रवार की रात को तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है। जिसके कारण खेत में खड़ी किसानों की धनिए और सरसों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। ओलावृष्टि से हुए फसलों के नुकसान के लिए तुरंत सर्वे कराया जाए।

छबड़ा शहर कोहरे के आगोश में समाया

छबड़ा (निसं)। शहर में सर्दी का सितम कम नहीं हो रहा है। शनिवार को तो कोल्ड-डे रहा। इस कारण दिन में हाड कंपाने वाली सर्दी का सामना करना पड़ा। सर्दी से राहत के लिए लोगों ने हीटर चालू कर लिए हैं। दोपहर बाद चली सर्द हवा ने लोगों को कंपा दिया। यहां लोगों को सूरज के दर्शन नहीं हुए। इस कारण दिन में सर्दी की चुभन बढ़ गई है। सडक्रे के किनारे दिन में अलाव जलने लगे हैं।

ठिठुरन भरी सर्दी का कहर:- शनिवार अलसुबह सड़कों पर दृश्यता बेहद कम हो गई। तड़के पेड़ों से पानी की बूंदे टपकती रही। कोहरे के साथ ठण्डी हवाएं चलने से कड़ाके की सर्दी का अहसास और भी बढ़ गया। इसके

- **नजारा देख लोगों को मनाली की याद आई**

चलते धूप का सहारा नहीं मिलने से दिन के समय में भी लोगों को अलाव तापकर सर्दी से बचाव के जतन करने पड़े। तेज सर्दी के चलते लोग सुबह देर तक घरों में दुबके रहने को मजबूर हुए।

घना कोहरा वाहन चालकों के लिए बनी परेशानी:- स्थिति यह रही कि वाहन चालकों को आगे का रास्ता कुछ फीट की दूरी पर ही साफ नजर नहीं आ रहा था। ऐसे में वाहनों की लाइट जलाकर लोग आते-जाते नजर आए। मौसम विभाग की मानें तो शनिवार को 6 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से ठंडी हवाएं चली, जिसने तेज सर्दी का एहसास करवाया। सुबह 10 बजे तक पानी में कोहरा छाया नजर आया।

कोहरा इतना कि सामने नहीं आ रहा था कुछ भी नजर:- सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने बताया कि अलसुबह से यहां घना कोहरा छाया रहा। कुछ फीट की दूरी पर ही रास्ता साफ नजर नहीं आ रहा था। ऐसे में टू व्हीलर चालकों को भी हेडलाइट जलाकर आना-जाना पड़ रहा था। वही, ऑटो चालकों ने कहा कि शनिवार तो खासा कोहरा छाया रहा। ऐसे में ऑटो की लाइट जलानी पड़ी। रास्ता साफ नजर नहीं आने के चलते धीरे-धीरे टैक्सी चलाया ताकि हादसा न हो।

पूर्व प्रधानमंत्री सिंह को श्रद्धांजलि दी

झालावाड़ (निसं)। जिला कांग्रेस कार्यालय पर शनिवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी को श्रद्धांजली अर्पित की गई।

सर्वप्रथम जिला कांग्रेस अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह गुर्जर ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये तथा इस अवसर पर श्रद्धांजली कार्यक्रम में जिला कांग्रेस नेताओं ने श्रद्धांजली अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह जितने निर्मल और सहज थे उतने ही तीव्र बुद्धिमान अर्थशास्त्री और सर्वहितेषी थे। अर्थशास्त्री, चिंतक विचारक के साथ ही उनका राजनैतिक कौशल भी सर्वश्रेष्ठ था। आर्थिक सुधारों के लिये व्यापक नीतियों के निर्धारण में उनकी भूमिका को पूरे विश्व में सराहा गया। वह आर्थिक उदारीकरण के जनक थे। देश उन्हें उनके व्यक्तित्व के लिए सदा याद रखेगा।

पश्चिम मध्य रेल

मुख्य कारखाना प्रबंधक,
माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा
दिनांक: 26.12.2024

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मु.का.प्र., माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा निम्नलिखित कार्य की ई-निविदा आमंत्रित करते है। **टेण्डर सं.:** S234-2024-AR Bracket- Ten01, **कार्य का विवरण:** आरडी एसओ ड्राइंग के अनुसार सभी प्रकार के वैगनों में तीनों आग्ज़िलरी रिजरवायर ब्रैकेटों को मजबूती प्रदान करने हेतु सपोर्ट एंगल्स और क्रॉस मेम्बर के फिटमेंट और बेल्डिंग का कार्य।, **अनुमानित लागत रू. में:** रूपये 37,46,655.00/-, **निविदा प्रपत्र राशि रू. में:** निल, **बयाना राशि रू. में:** रूपये 74,900.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह, **निविदा बंद / खोलने की तारीख और समय:** बंद होगा 11:30 बजे दिनांक 18.01.2025 एवं खोला जाएगा 12.00 बजे दिनांक 18.01.2025 ई-निविदा वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है तथा मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय कोटा के प्रगति अनुभाग के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई निविदा के माध्यम से इसी वेबसाइट पर स्वीकार किये जायेगें। इस निविदा के लिये मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी.-II, मा.डि.म.
कारखाना, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

एमआईटी कॉलेज में कार्यशाला आयोजित

कोटा, (निसं)। नयागांव स्थित मोदी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग एवं एडवांस्ड कम्प्यूटिंग टेक्नोलॉजी पर छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गया। कार्यशाला का उद्घाटन कॉलेज के चेयरमैन सुशील मोदी, ग्रुप डायरेक्टर राघव मोदी, प्रचार्य डॉ. विकास सोनी और एम.एस.एम.ई. सेंटर डायरेक्टर कपिल बिजोरे की उपस्थिति में हुआ।

कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को अत्याधुनिक तकनीकों और व्यावसायिक अनुप्रयोगों के बारे में प्रत्यक्ष अनुभव और अभ्यास के माध्यम से कौशल प्रदान करना है। एक्सपर्ट ट्रेनर प्रशांत सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में एआई टूल्स की हैंड्स ऑन प्रोजेक्ट की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

चेयरमैन सुशील मोदी ने बताया कि इसी क्रम इंजीन्यरिंग संकाय के विद्यार्थियों के लिए एडवांस्ड कम्प्यूटिंग टेक्नोलॉजी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में कोटा क्षेत्र के इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियर के सचिव नरेंद्र जैन ने कंप्यूटर साइंस की बुनियादी जानकारी के साथ-साथ कम्प्यूटिंग टैक्नोलॉजी का वर्तमान मे उपयोग पर विस्तृत चर्चा की।

ग्रुप डाइरेक्टर राघव मोदी ने विद्यार्थियों को आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के महत्व को बताया कॉलेज के प्राचार्य डॉ.विकास सोनी ने विद्यार्थियों को इस कार्यशाला को अपने दैनिक जीवन के कार्यों में उपयोग में लाने पर जोर दिया। कार्यशाला में इंजीन्यरिंग, कम्प्युटर एप्लिकेशन एवं मैनेजमेंट के 180 से ज्यादा विद्यार्थी ने भाग लिया। इन कार्यशालाओं के संयोजक डॉ. बरखा गुप्ता, सीमा आर्या और पवन गुप्ता रहे।

भाविका सचिव नियुक्त

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय संगठन कैट (फाउंडेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) की विमेन विंग कोटा सचिव पद पर जानी-मानी समाजसेवी व सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर भाविका प्रीत रामानी को कोटा विमेन विंग की जिलाध्यक्ष नीलम विजय ने नियुक्त किया है।

कोटा विमेन विंग जिलाध्यक्ष नीलम निजय ने बताया कि कैट के माध्यम से उद्यमी व बिजनेस कर रही महिलाओं को जानकारी के साथ व्यापार प्रगति हेतु प्रेरित किया जाता है और जल्दी ही कोटा से विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को जोड़कर उनके रोजगार व व्यवसाय के साथ संगठन की मजबूती में कार्य को बढ़ायेंगे।

पश्चिम मध्य रेलवे में फ्रेट कस्टमर मीटिंग आयोजित

कोटा, (निसं)। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में जबलपुर मंडल के प्रमुख फ्रेट लोडिंग करने वाले ग्राहकों के साथ फ्रेट कस्टमर मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें वर्तमान समय में फ्रेंट इंडस्ट्री में होने वाले बदलावों में रेल की भूमिका और इससे रेल द्वारा किस प्रकार से अधिकतम लदान प्राप्त किया जा सकता है, से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

मीटिंग प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक जी.एम.सिंह की अध्यक्षता एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशाल सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुयी।

मुख्य मालभाड़ा यातायात प्रबंधक अनुराग पटेरिया द्वारा मीटिंग का संचालन किया गया। मीटिंग में जबलपुर मंडल के विभिन्न मालगोदामों एवं साइडिगों से लदान करने वाले कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित हुये जिसमें मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट से के.पी. सिंह, कोयला लदान हेतु नवनिर्मित जीसीटी मेसर्स पॉसून इंडस्टी से मनोज बाजपेयी एवं मेसर्स अडानी पॉवर से राहुल पांडे तथा मेसर्स जेपीवीएन से पीयूष शर्मा, आयरन ओर के प्रमुख लदानकर्ता वरुण गौतम एवं रूपेंद्र, फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया के ओ पी संग्राम, जुपिटर वैगन लिमिटेड से अभिषेक जायसवाल एवं अन्य की उपस्थिति रही।

प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक जी.एम.सिंह द्वारा उपस्थित सभी ग्राहकों का स्वागत करते हुये चर्चा आंरभ की।

पश्चिम मध्य रेल

ई. निविदा सूचना सिविल इंजीनियरिंग

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यो के लिए खुली ई.निविदा आमंत्रित करते है। **टेंडर संख्या:** 217/2024, **कार्य का विवरण:** कोटा – सवाईमाधोपुर सेक्शन – टीएसआर (पी) – 8.400 कि.मी. वाय पीक्यूआरएस विद कॉन्ट्रेक्टरस पोर्टल 6.400 कि.मी. एड मेन्युअल–2.000 कि.मी. इनकुलिंड़िग सबसाइड़री वर्क विद बीसीएम। **अनुमानित लागत:** 19854984.58, **बयाना राशि:** 249300.00, **टेंडर संख्या:** 218/2024आर, **कार्य का विवरण:** कोटा – मथुरा सेक्शन – रिपलेरमेंट ओल्ड़ आरसीसी/स्टोन स्लेव विद आरसीसी बॉक्स/ स्लेव एट ब्रिज न. 256अप, 257अप, 274अप, 287अप, 292अप, 302अप, 303 अप एण्ड़ 316 अप अण्डर दि जूरिस्डिक्शन ऑफ एडीईएन–सवाई माधोपुर।, **अनुमानित लागत:** 28043675.85, **बयाना राशि:** 290200.00, **टेंडर संख्या:** 219/2024, **कार्य का विवरण:** हिंड़ौन एण्ड़ श्रीमहावीरजी – सप्लाई ऑफ क्लीन पोटेवल वाटर पर ड़े टू रेलवे इन ओवर हेंड़ टेंक विद कॉन्ट्रेक्टरस मिन्स (फॉर 02 ईयरस)।, **अनुमानित लागत:** 1684517.00, **बयाना राशि:** 33700.00, **टेंडर संख्या:** 220/2024, **कार्य का विवरण:** कोटा – मखोली सेक्शन – टीआरआर (पी) – 33.439 कि.मी. विद 60 केजी रेलस।, **अनुमानित लागत:** 24856724.17, **बयाना राशि:** 274300.00, **टेंडर संख्या:** 221/2024, **कार्य का विवरण:** कोटा – इम्प्